Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding the issue of closure of kilns of local Artisans in Muradabad.

डॉ. एस. टी. हसन (मुरादाबाद): सर, मैं आपका ध्यान मुरादाबाद के गरीब आर्टिजन्स की ओर दिलाना चाहता हूँ । ये इतने गरीब आर्टिजन्स हैं, जो दिनभर काम करते हैं, तो रात को रोटी नसीब होती है । अचानक तुगलकी फरमान आता है कि उनकी भट्ठियों को बंद कर दिया जाए । इस सिलसिले में हमने श्री धर्मेंद्र प्रधान जी से बात की । मैं उनका शुक्रगुज़ार हूँ, उन्होंने पॉजीटिव रेस्पांस दिया । मुरादाबाद में पीएनजी लगाने का ऑर्डर दिया गया । मेरी आपके माध्यम से दरख्वास्त है कि इनकी भट्ठियों को उस वक्त तक न बंद किया जाए, जब तक पीएनजी वहाँ अवेलेबल न हो जाए । यह उनके डोर-स्टेप तक पहुँच जाए ताकि उनकी रोज़ी-रोटी चल सके । हम सब जानते हैं कि पॉलूशन एक बहुत बड़ी समस्या है । लेकिन पॉलूशन के साथ-साथ भुखमरी या इलाज के अभाव में लोग मरने लगें, तो यह भी हमारे लिए एक शर्मनाक बात होगी ।